Q1 नीचे चार शब्द दिए गए हैं, इनमें से तीन शब्द आपस में किसी न किसी प्रकार से समान हैं, जबकि एक शब्द भिन्न है। भिन्न शब्द का चयन करें।

(A) FRIEND

(B) FINGER

(C) FINDER

(D) REFIND

Q2 उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार से संबंधित है, जिस प्रकार से दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।

भोपाल : मध्य प्रदेश :: पणजी : ?

(A) ओडिशा

(B) कर्नाटक

(C) छत्तीसगढ़

(D) गोवा

Q3 उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरी संख्या से उसी प्रकार से संबंधित है, जिस प्रकार से दूसरी संख्या पहले संख्या से संबंधित है।

56 : 7 :: 248 : ?

(A) 28

(B) 31

(C) 41

(D) 52

Q4 एक निश्चित कोड भाषा में, 'YTORW' को 'BGLID' के रूप में कुटबद्ध किया जाता है, तो उसी कोड भाषा में, 'KEFN' को किस प्रकार से कुटबद्ध किया जाएगा?

(A) PVUN

(B) PINE

(C) PUVM

(D) PVUM

Q5 एक निश्चित कोड भाषा में, 'MOBILE' को '56' लिख जाता है, तो उसी कोड भाषा में, 'NET' को किस प्रकार से लिखा जाएगा?

(A) 42

(B) 39

(C) 48

(D) 28

Q6 एक निश्चित कोड भाषा में, POT को RRX और HAT को JDX के रूप में लिखा जाता है, उसी कोड भाषा में, PEN को किस प्रकार से लिखा जाएगा?

(A) SHQ

(B) RHQ

(C) RGP

(D) RHR

Q7 वसुधा 15 m उत्तर की ओर चली। अब वह अपने बाएँ मुड़ी और 45 m चली। अब वह फिर से बाएँ मुड़ी और 32 m चली। वसुधा अब किस दिशा के सम्मुख खड़ी है?

(A) पूर्व

(B) पश्चिम

(C) उत्तर

(D) दक्षिण

Q8 एक आदमी पश्चिम की ओर 31 m चला। फिर वह अपने बाएँ मुड़ा और 31 m चला। इसके बाद वह अपने दाएँ मुड़ा और 31 m चला। अंत में, वह फिर से दाएँ मुड़ा और 31 m चला। आदमी अब किस दिशा के सम्मुख खड़ा है?

(A) पूर्व

(B) पश्चिम

(C) उत्तर

(D) दक्षिण

Q9 एलेक्स और रुमी, माता की ओर से चचेरी बहनें हैं। जूबी, एलेक्स की माँ है। सौम्या, एलेक्स की बहन है। अलीशा, रुमी की माँ है। जूबी का अलीशा से क्या संबंध है?

(A) माँ

(B) मामी

(C) बहन

(D) बेटी

Q10 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें और निर्णय लें कि कौन सा/कौन से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते हैं।

**कथन:**

(1) सुनीता पढ़ाती है।

(2) जो भी व्यक्ति पढ़ाता है, वह कलाकार होता है।

**निष्कर्ष:**

I. सुनीता एक कलाकार है।

II. सभी कलाकार शिक्षक हैं।

(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(C) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(D) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनो अनुसरण करते हैं।

Q11 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें और निर्णय लें कि कौन सा/कौन से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते हैं।

**कथन:**

(1) तलत हमेशा उन परिस्थितियों में रोने लगती है, जो उसके लिए कठिन होती हैं।

(2) हिन्दी की परीक्षा में असफल हो जाना तलत के लिए एक कठिन परिस्थिति थी।

**निष्कर्ष:**

I. तलत हिन्दी की परीक्षा में असफल होने पर नहीं रोई थी।

II. तलत हिन्दी की परीक्षा में असफल होने पर रोई थी।

(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(C) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(D) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनो अनुसरण करते हैं।

Q12 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें और निर्णय लें कि कौन सा/कौन से निष्कर्ष दिए गए कथनें का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते हैं।

**कथन:**

(1) अमित वैज्ञानिक है।

(2) कुछ वैजानिक परिश्रमी हैं।

**निष्कर्ष:**

I. अमित एक मेहनती वैज्ञानिक है।

II. अमित एक मेहनती वैज्ञानिक नहीं है।

(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(C) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(D) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनो अनुसरण करते हैं।

Q13 नीचे एक प्रश्न और उसके बाद दो तर्क दिए गए हैं। निर्धारित करें कि प्रश्न के संदर्भ में कौन सा/कौन से तर्क मज़बूत है/हैं।

**प्रश्न:**

क्या बच्चों को स्कूल में गृहकार्य दिया जाना चाहिए।

**तर्क:**

I. हाँ, इससे यह सुनिश्चित होगा की वे स्कूल के बाद भी कुछ समय पढ़ाई करें।

II. नहीं, बच्चों को स्कूल में गृहकार्य दिए जाने का कोइ लाभ नहीं होता है।

(A) केवल तर्क I मज़बूत है।

(B) केवल तर्क II मज़बूत है।

(C) I और II दोनों तर्क मज़बूत हैं।

(D) न तो तर्क I और न ही तर्क II मज़बूत हैं।

Q14 नीचे एक प्रश्न और उसके बाद दो तर्क दिए गए हैं। निर्धारित करें कि प्रश्न के संदर्भ में कौन सा/कौन से तर्क मज़बूत है/हैं।

**प्रश्न:**
क्या स्कूलों में एक विषय के रूप में इतिहास की पढ़ाई करवायी जानी चाहिए?

**तर्क:**
I. हाँ, इतिहास का अध्ययन करने से बच्चों को सामाजिक विकास और परिवर्तन को समझनें में मदद मिलती है।
II. नहीं, अध्ययन के लिए इतिहास के अलावा और भी कई महत्वपूर्ण विषय हैं।

(A) केवल तर्क I मज़बूत है।
(B) केवल तर्क II मज़बूत है।
(C) I और II दोनों तर्क मज़बूत हैं।
(D) न तो तर्क I और न ही तर्क II मज़बूत हैं।

Q15 नीचे एक प्रश्न और उसके बाद दो तर्क दिए गए हैं। निर्धारित करें कि प्रश्न के संदर्भ में कौन सा/कौन से तर्क मज़बूत है/हैं।

**प्रश्न:**
क्या चिकित्सक की पर्ची के बिना दवाएं बेचे जाने की अनुमति दी जानी चाहिए?

**तर्क:**
I. हाँ, दवाएँ जरूरी हैं।
II. नहीं, आवश्यकता से अधिक दवाएँ शरीर को नुकसान पहुँचा सकती हैं।

(A) केवल तर्क I मज़बूत है।
(B) केवल तर्क II मज़बूत है।
(C) I और II दोनों तर्क मज़बूत हैं।
(D) न तो तर्क I और न ही तर्क II मज़बूत हैं।

Q16 नीचे चार शब्द दिए गए हैं, इनमें से तीन शब्द आपस में किसी न किसी प्रकार से समान हैं, जबकि एक शब्द भिन्न है। भिन्न शब्द का चयन करें।
(A) डर
(B) गुस्सा
(C) दया
(D) खेल

Q17 नीचे चार शब्द दिए गए हैं, इनमें से तीन शब्द आपस में किसी न किसी प्रकार से समान हैं, जबकि एक शब्द भिन्न है। भिन्न शब्द का चयन करें।

(A) जड़ें

(B) तालाब

(C) बीज

(D) पत्ते

Q18 नीचे चार शब्द दिए गए हैं, इनमें से तीन शब्द आपस में किसी न किसी प्रकार से समान हैं, जबकि एक शब्द भिन्न है। भिन्न शब्द का चयन करें।

(A) स्कूटर

(B) नाव

(C) मोटरसाइकिल

(D) गाड़ी (कार)

Q19 निम्नलिखित श्रृंखला में आने वाले अगले पद का चयन करें।

ROAD, DROA, ADRO, ?

(A) DOAR

(B) OADR

(C) DORA

(D) DAOR

Q20 उस संख्या का चयन करें जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सकती है।

6, 8, 7, 9, ?, 10, 9

(A) 9

(B) 6

(C) 8

(D) 7

Q21 नीचे चार पद दिए गए हैं, इनमें से तीन पद आपस में किसी न किसी प्रकार से समान हैं, जबकि एक पद भिन्न है। भिन्न पद का चयन करें।

HAI, SAT, TAU, DAF

(A) HEI

(B) SAT

(C) TAU

(D) DAF

Q22 गणितीय चिह्नों के उस सही संयोजन का चयन करें जिनसे दिया गया समीकरण संतुलित हो जाएगा।

42 □ 3 □ 2 □ 2 □ 12 □ 18

(A) ÷, ×, =, +, +

(B) +, =, ÷, ×, +

(C) ÷, ×, +, = , +

(D) ÷, ×, − , = , ×

Q23 दिए गए तीन समीकरणों में से, पहले दो समीकरणों को एक निश्चित प्रणाली के आधार पर हल किया गया है। उसी प्रणाली का पालन करते हुए तीसरे समीकरण को हल करें।

3 ◆ 9 = 14

1 ◆ 7 = 4

a ◆ b = ?

(A) $(ab-1)/2$

(B) $(a-b)/2$

(C) $(ab-1)/b$

(D) $(ab+1)/2$

Q24 निम्नलिखित प्रत्येक अक्षर एक अद्वितीय गणितीय चिह्नों को दर्शाते हैं:

P: जोड़

Q: घटाव

R: गुणा

S: भाग

T: के बराबर

U: से अधिक

V: से कम

ऊपर दिए गए अक्षरों और विवरणों के आधार पर पता लगाएँ कि निम्न में से कौन सा विकल्प संतुलित है।

(A) 16 P 2 Q 3 R 6 T 4


(B) 16 U 2 R 3 P 6 Q 4


(C) 16 U 2 R 3 T 6 V 4


(D) 16 U 2 Q 3 T 6 Q 4


prepp Your Personal Exam Guide

Q25 निम्नलिखित वर्गो के समुच्चय (सेट) के बीच संबंध का सर्वोत्तम निरुपण करने वाले वेन आरेख का चयन करें।
जूते, पदत्राण (फुटवेअर), चूड़ियाँ

(A) 


(B) 


(C) 


(D) 

Q26 निम्नलिखित वर्गो के समुच्चय (सेट) के बीच संबंध का सर्वोत्तम निरुपण करने वाले वेन आरेख का चयन करें।
फूल, गुलाब, कमल

(A) 


(B) 


(C) 


(D) 


Your Personal Exam Guide

Q27 निम्नलिखित वर्गो के समुच्चय (सेट) के बीच संबंध का सर्वोत्तम निरुपण करने वाले वेन आरेख का चयन करें।
अनन्नास, पशु, फल


(A) 

(B) 


(C) 

(D) 


Q28 यदि एक दर्पण को AB रेखा पर रखा जाता है, तो आकृति की दी गई छवियों में से कौन सी सही दर्पण छवि होगी?




(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

Q29 दी गई आकृति की सही जलीय छवि को दर्शाने वाले विकल्प का चयन करें।

**DO2CT0OR**

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

Q30 दी गई आकृति की सही जलीय छवि को दर्शाने वाले विकल्प का चयन करें।

**WATER**

(A) **RETAW**

(B) 

(C) 

(D) 

Q31 वास्तवि मेज के शीर्ष (टेबल टॉप) की तरह ________ वास्तविक कार्य क्षेत्र के रूप में काम करता है।
(A) स्क्रीन सेवर
(B) डेस्कटॉप
(C) ब्राउज़र
(D) टास्कबार

Q32 जीयूआई (GUI) आधारित ऑपरेटिंग सिस्टम में फ़ाइलों, फ़ोल्डरों, प्रोग्रामों या अन्य आइटमों का लघु ग्राफ़िकल निरूपण इनमें से क्या कहलाता है:
(A) आइकॉन
(B) सिम्बल
(C) टैब्स
(D) रिबन

Q33 नया MS Word डॉक्यूमेंट खोलने के लिए शॉर्ट कट की क्या है?
(A) Ctrl + O
(B) Ctrl + N
(C) Ctrl + W
(D) Ctrl +M

Q34 ________ ऑपरेटिंग सिस्टम का कोर होता है। यह ऑपेरटिंग सिस्टम के अन्य सभी भागों को मूलभूत सेवाएं प्रदान करता है।
(A) कंट्रोल यूनिट
(B) ड्राइवर
(C) शेल
(D) कर्नेल

prepp Your Personal Exam Guide

Q35 इंटरनेट पर कोई उत्पाद खरीदने या बेचने में सहायक तकनीक या सेवा इनमें से क्या कहलाती है:
(A) प्वाइंट ऑफ सेल
(B) ई–बैकिंग
(C) ई–कॉमर्स
(D) क्लाउड सर्विस

Q36 विषम को चिह्नित करें:
(A) क्रोम (Chrome)
(B) ऑफिस 365 (Office 365)
(C) सफारी (Safari)
(D) इंटरनेट एक्स्प्लोरर (Internet Explorer)

Q37 एक ऐसा इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जो कंप्यूटर के डिजिटल सिगन्लों को एनालॉग स्वरूप में रूपांतरित करता है, ताकि फोन लाइन के द्वारा उनका संचारण किया जा सके, इसे क्या कहते हैं:
(A) मॉडम
(B) हब
(C) स्विच
(D) नेटवर्क इंटरफेस कार्ड

Q38 एचटीएमएल (HTML) पेजों को स्थानांतरित करने के लिए वेब सर्वर और वेब ब्राउज़र के बीच उपयोग किया जाने वाला प्रोटोकॉल इनमें से क्या कहलाता है:
(A) PPP
(B) SMTP
(C) FTP
(D) HTTP

Q39 इनमें से किस जनरेशन के कंप्यूटरों में पहली बार उनके सीपीयू (CPU) में इंटिग्रेटेड सर्किट का उपयोग किया गया?
(A) पहले जनरेशन
(B) तीसरे जनरेशन
(C) चौथे जनरेशन
(D) पहले जनरेशन

Q40 इनमें से कौन कंप्यूटर के सीपीयू (CPU) का भाग नहीं है?
(A) अरिथमेटिक लॉजिक यूनिट
(B) कंट्रोल यूनिट
(C) मुख्य मेमोरी
(D) माउस

Q41 इनमें से कौन कंप्यूटर हार्डवेयर के रूप में वर्गीकृत नहीं है?
(A) माउस
(B) मॉनीटर
(C) हार्ड डिस्क
(D) डीबीएमएस (DBMS)

Q42 इनमें से कौन एक अस्थिर मेमोरी है?
(A) RAM
(B) EPROM
(C) हार्ड डिस्क
(D) SSD

Q43 कंप्यूटर जॉयस्टिक __________
(B) एक इनपुट डिवाइस है
(B) एक प्रोसेसिंग डिवाइस है
(C) एक आउटपुट डिवाइस है
(D) एम मेमोरी डिवाइस है

Q44 इनमें से कौन सा शब्द/व्यंजक कंप्यूटर के कीबोर्ड से संबंधित 'नही' है?
(A) QWERTY
(B) फ़ंक्शन कुंजियां
(C) न्यूमेरिक कीपैड
(D) मास्टर कुंजी

Q45 निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प कंप्यूटर के लिए इनपुट डिवाइस का एक उदाहरण 'नही' है?
(A) वेबकैम
(B) माइक्रोफ़ोन
(C) स्कैनर
(D) प्लॉटर

Q46 एक सफेद दीवार पर कंप्यूटर छवि प्रदर्शित की गई है। इसके लिए किस आउटपुट डिवाइस का उपयोग हो रहा है?
(A) एलसीडी (LCD) डिस्प्ले
(B) मॉनीटर
(C) डेटा प्रोजेक्टर
(D) फ्लैट पैनल

Q47 इनमें से कौन एक आउटपुट डिवाइस 'नहीं' है?
(A) कंप्यूटर स्पीकर
(B) माइक्रोफ़ोन
(C) प्लॉटर
(D) एलसीडी (LCD) मॉनीटर

Q48 इनमें से कौन सा शब्द या व्यंजक या परिवर्णी शब्द कंप्यूटर प्रिंटरों से संबंधित 'नहीं' है?
(A) टोनर
(B) कार्ट्रिज
(C) स्पूलर
(D) फ्लैट पैनल

Q49 कंप्यूटर मॉनीटर के रिज़ॉल्यूशन का मापन ________ से होता है।
(A) पिक्सेल की संख्या
(B) प्रति इंच डॉट्स की संख्या
(C) इसकी चमक
(D) इसके पीपीएम

Q50 ऑडियो सिग्नल आउटपुट करने के लिए इनमें से किस पोर्ट का उपयोग किया जा सकता है?
(A) PS/2
(B) LAN
(C) HDMI
(D) DB-25

Q51 _______ ने MacOS को विकसित किया है और इसका स्वामित्व रखते हैं।
(A) माइक्रोसॉफ्ट
(B) एप्पल
(C) आईबीएम (IBM)
(D) लेनोवो

Q52 निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प ऑपेरटिंग सिस्टम का एक कार्य (फ़ंक्शन) है?
(A) वर्ड प्रोसेसिंग
(B) डेटाबेस प्रबंधन
(C) इंटरनेट की गति प्रबंधन (स्पीड मैनेजमेंट)
(D) सिस्टम संसाधन प्रबंधन

Q53 ऑपरेटिंग सिस्टम इनमें से क्या होता है:
(A) सिस्टम सॉफ्टवेयर
(B) यूटिलिटी सॉफ्टवेयर
(C) एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर
(D) ईआरपी (ERP) सॉफ्टवेयर

Q54 MS-Word में, क्लिपबोर्ड में चयनित सामग्री को कॉपी करने के लिए इनमें से किस शॉर्टकट कुंजी का उपयोग किया जाता है?
(A) Ctrl + V
(B) Ctrl + C
(C) Ctrl + X
(D) Ctrl + M

Q55 MS Word के उपयोग द्वारा इनमें से कौन सी गतिविधि सबसे उचित प्रकार से की जाती है?
(A) डेटाबेस मेन्टेन करने के लिए
(B) वेबसाइट बनाने के लिए
(C) रिपोर्ट लिखने के लिए
(D) इंटरनेट कनेक्ट करने के लिए

Q56 MS-Word 2016 में, चुने गए टेक्स्ट को बोल्ड करने के लिए बटन, ______ टैब में पाया जा सकता है।
(A) होम
(B) इंसर्ट
(C) ड्रॉ
(D) डिज़ाइन

Q57 MS-Excel शीट में, सेल A1 में 5, A2 में 6 और सेल A3 में फार्मूला =A1 + A2 है। सेल A3का फार्मूला सेल B3 में ड्रैग्गिंग से कॉपी किया जाता है। सेलB3 में प्रदर्शित परिणामी परिणाम (आउटपुट) इनमें से कौन सा होगाः
(A) 0
(B) 5
(C) 6
(D) 11

Q58 निम्न विकल्पों में से असंगत को चुनें:
(A) फर्मवेयर
(B) ROM
(C) हार्ड डिस्क
(D) मुख्य मेमोरी

Q59 इनमें से कौन–सी विशेषता (फ़ीचर) कंप्यूटर के माउस से संबंधित होती है?
(A) प्रिंटिंग डिवाइस
(B) मेमोरी डिवाइस
(C) आउटपुट डिवाइस
(D) प्वाइंटिंग डिवाइस

Q60 इनमें से कौन एक डेस्कटॉप ऑपरेटिंग सिस्टम है?
(A) Mac OS
(B) MS Office
(C) DBMS
(D) Oracle

Q61 'एक व्यक्ति, एक सम्राज्य और एक नेता' का नारा किसने दिया था?
(A) हिटलर
(B) नेपोलियन
(C) ज़ार
(D) महात्मा गांधी

Q62 भारत में मुगल साम्राज्य के अंतिम सम्राट कौन थे?
(A) औरंगजेब
(B) बहादुर शाह ज़फर II
(C) बाबर
(D) शाहजहाँ

Q63 निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सिंधु घाटी सभ्यता के संदर्भ में सही है/हैं?
I. मोहनजोदड़ो में एक विशेष तालाब था जिसे पुरातत्विदों ने महान स्नानगार कहा था।
II. लोथल तथा कालीबंगन में आग की वेदी थी।
(A) केवल I
(B) केवल II
(B) I तथा II दोनों
(D) ना ही I ना ही II

Q64 लद्दाख _______ के रूप में भी जाना जाता है।
(A) खापा – चान
(B) शापा – खान
(C) पाखा – चान
(D) सापा – चान

Q65 भारत में कौन सी नदी सबसे चौड़ी है?
(A) गंगा
(B) ब्रह्मपुत्र
(C) जमुना
(D) सतलुज

Q66 भारतीय संविधान के कौन से अनुच्छेद राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के बारे में बात करते हैं?
(A) 52 से 73
(B) 80 से 88
(C) 42 से 58
(D) 112 से 114

Q67 भारत का सबसे छोटा केंद्र शासित प्रदेश कौन सा है?
(A) लद्दाख
(B) अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह
(C) लक्षद्वीप
(D) दमन और दीव

Q68 अवंतीस्वामी मंदिर _________ में स्थित है।
(A) असम
(B) जम्मू और कश्मीर
(C) गुजरात
(D) दिल्ली

Q69 एशियाई खेलों 2018 में पुरुषों की फील्ड हॉकी में स्वर्ण पदक किस देश ने जीता?
(A) मलेशिया
(B) भारत
(C) जापान
(D) चीन

Q70 बर्नार्डिन एवरिस्टो को निम्नलिखित में से किस पुस्तक के लिए मेन बुकर पुरस्कार 2019 से सम्मानित किया गया है?
(A) गर्ल, वुमेन, अदर
(B) द टेस्टामेंट
(C) माई लवली वाइफ
(D) थ्री वुमन

Q71 अलेक्जेंडर ने भारत पर किस वर्ष आक्रमण किया था?
(A) 300 ईसा पूर्व
(B) 350 ईसा पूर्व
(C) 326 ईसा पूर्व
(D) 360 ईसा पूर्व

Q72 भारत में मध्य पुरापाषाण युग के अवशेष कहाँ पाए गए हैं?
(A) तुंगभद्रा घाटी
(B) बेलन घाटी
(C) थार मरुस्थल
(D) दक्षिण बिहार का पठार

Q73 प्राचीन राज्य वत्स की राजधानी का नाम बताइए।
(A) शुक्तिमती
(B) मथुरा
(C) कौशाम्बी
(D) वाराणासी

Q74 नई जलोढ़ मृदा का वर्णन करने के लिए किस शब्द का उपयोग किया जाता है?
(A) भांगर
(B) खादर
(C) धरण
(D) खरीफ

Q75 भारतीय प्राणि सर्वेक्षण के मुख्यालय कहाँ हैं, जो भारत में पशुवर्ग के लिए सर्वेक्षण करता है।
(A) मुंबई
(B) अहमदाबाद
(C) बेंगलुरु
(D) कोलकाता

Q76 भारत की सबसे बड़ी तटीय लैगून कौन सी है?
(A) पुलीकट झील
(B) कालीवली झील
(C) चिल्का झील
(D) वेम्बनाड झील

Q77 लोकसभा के पहले अध्यक्ष कौन थे?
(A) सरदार हुकम सिंह
(B) नीलम संजीव रेड्डी
(C) बलराम जाखड़
(D) गणेश वासुदेव मावलंकर

Q78 संविधान का कौन सा अनुच्छेद न्याय पर आधारित सामाजिक व्यवस्था प्रदान करता है?
(A) अनुच्छेद 39
(B) अनुच्छेद 38
(C) अनुच्छेद 40
(D) अनुच्छेद 45

Q79 भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड की स्थापना किस वर्ष में की गई थी?
(A) 1988
(B) 1990
(C) 1992
(D) 1994

Q80 नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के मुख्यालय कहाँ है?
(A) मुंबई
(B) सूरत
(C) नई दिल्ली
(D) कोलकाता

Q81 सत्रीया नृत्य किस राज्य से संबंधित है?
(A) अरुणाचल प्रदेश
(B) असम
(C) सिक्किम
(D) नागालैंड

Q82 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले पहले भारतीय का नाम बताइए।
(A) लिएंडर पेस
(B) रमेश कृष्णन
(C) रामनाथन कृष्णन
(D) महेश भूपति

Q83 भारत सरकार के नियमों के अनुसार, रक्षा प्रमुख किस उम्र तक सेवा में रह सकते हैं?
(A) 65 वर्ष
(B) 60 वर्ष
(C) 62 वर्ष
(D) 70 वर्ष

Q84 भारत में ओलंपिक भवन किस स्थान पर स्थित है:
(A) मुंबई
(B) नई दिल्ली
(C) गुरुग्राम
(D) चेन्नई

Q85 2019 में मास्कों में आयोजित महिला विश्व रैपिड शतरंज चैम्पियनशिप किसने जीती है?
(A) तानिया सचदेवा
(B) मैरी एन गोम्स
(C) हम्पी कोनेरु
(D) हरिका द्रोणावल्ली

Q86 पृथ्वीराज चौहान का दरबारी कवि कौन था?
(A) बाणाभट्ट
(B) रामानुज
(C) चंद बरदाई
(D) हरिहर

Q87 ______ भारत की पहली मुस्लिम महिला शासक थी।
(A) नूरजहाँ
(B) मिर्ज़ा अल्तूनिया
(C) माहम अंगा
(D) रजिया सुल्ताना

Q88 भारत के किस राज्य में गोवर्धन पर्वत स्थित है?
(A) गुजरात
(B) महाराष्ट्र
(C) उत्तर प्रदेश
(D) उत्तराखंड

Q89 'रेगिस्तान का जहाज' किसे कहते हैं?
(A) हाथी
(B) ऊंट
(C) जिराफ़
(D) घोड़ा

Q90 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा कौन सी है?
(A) तेलुगू
(B) तमिल
(C) बंगाली
(D) मराठी

Q91 पादप जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान मध्य प्रदेश के किस जिले में स्थित है?
(A) बालाघाट
(B) मांडला
(C) भोपाल
(D) इंदौर

Q92 भारतीय संविधान सभा की प्रथम बैठक का आयोजन कब किया गया था?
(A) दिसंबर 1946 को
(B) जनवरी 1947 को
(C) सितंबर 1945 को
(D) अग्रस्त 1948 को

Q93 निम्नलिखित में से किसके कारण फलों का स्वाद मीठा होता है?
(A) शहद
(B) फ्रुक्टोज
(C) लिपेस
(D) पेप्टीन

Q94 प्रकाश वर्ष ________ की एक इकाई (यूनिट) है।
(A) दूरी
(B) समय
(C) प्रकाश
(D) गति

Q95 महाराष्ट्र में _______ एक लोकप्रिय संगीत शैली है और यह पारंपरिक गीत और नृत्य का सम्मिलित स्वरूप होता है।
(A) लावणी
(B) गोवंडी
(C) झूमर
(D) गाथा

Q96 वैश्यावृत्ति के लिए बच्चों को बेचना किस धारा के तहत आता है?
(A) धारा-398
(B) धारा-361
(C) धारा-376
(D) धारा-372

Q97 दहेज़ निषेध पदाधिकारी की नियुक्ति किस धारा के अंतर्गत् की जा सकती है?
(A) धारा-4
(B) धारा-6
(C) धारा-8A
(D) धारा-8B

Q98 किसी महिला को जबरदस्ती निर्वस्त्र करने के मामले में आई. पी. सी. की कोणसी धारा दंड का प्रावधान देती है?
(A) धारा-354
(B) धारा-354 A
(C) धारा-354 C
(D) धारा-354 B

Q99 किसी भी महिला के साथ बलात्कार करने के आरोप पर निम्नलिखित किस धारा के तहत मुकदमा चलाया जाता है?
(A) धारा 355
(B) धारा 376
(C) धारा 317
(D) धारा 318

Q100 किसी भी महिला के साथ सामूहिक बलात्कार करने के आरोप पर निम्नलिखित किस धारा के तहत मुकदमा चलाया जाता है?
(A) धारा 376 B
(B) धारा 376 A
(C) धारा 376 D
(D) धारा 376 AB

Q101 धारा 376 D-B का मुख्य उद्देश्य क्या है?
(A) 12 वर्ष से कम आयु की स्त्री के साथ सामूहिक बलात्कार के लिए दंड का प्रावधान
(B) 12 वर्ष से कम आयु की स्त्री का यौन उत्पीड़न करने के लिए दंड का प्रावधान
(C) 12 वर्ष से कम आयु की स्त्री का बाल विवाह करने के लिए दंड का प्रावधान
(D) 12 वर्ष से कम आयु की स्त्री का यौन तस्करी से बचाव के लिए दंड का प्रावधान

Q102 PCPNDT किससे संबंधित है?
(A) जन्म से पहले लिंग निर्धारण
(B) कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न
(C) सामूहिक बलात्कार
(D) बाल यौन शोषण

Q103 निम्नलिखित में से किस धारा के अंतर्गत् बिदेश से लड़की को आयात करने के लिए सज़ा दी जा सकेगी?
(A) धारा 361 ख
(B) धारा 363 ख
(C) धारा 372 ख
(D) धारा 366 ख

Q104 बालिकाओं के प्रति बढ़ते अपराध को देखते हुए पॉक्सो एक्ट में बदलाव करने हेतु सरकार द्वारा रखे गए प्रस्ताव को कैबिनेट से किस वर्ष मंजूरी मिली?
(A) अप्रैल 2018 में
(B) अप्रैल 2017 में
(C) अप्रैल 2016 में
(D) अप्रैल 2015 में

Q105 POCSO अधिनियम के (यौन हमला) धारा 6 के तहत, जो कोई भी यौन उत्पीड़न करता है, उसे न्यूनतम ________ वर्षों के लिए या तो विवरण के कारावास से दंडित किया जाएगा।
(A) 4
(B) 6
(C) 1
(D) 10

Q106 हवा महल का डिज़ाइन निम्नलिखित में से किसके द्वारा तैयार किया गया था?
(A) जय सिंह
(B) रतन सिंह
(C) लाल चंद उस्ता
(D) हरि सिंह

Q107 निम्नलिखित में से किस शासक ने जहाँगीर महल का निर्माण कराया था?
(A) वीर सिंह देव
(B) अबुल फ़ैज़ल
(C) जुझार सिंह
(D) जहाँगीर

Q108 किस वर्ष में आउवा का युद्ध हुआ था?
(A) 1800 में
(B) 1850 में
(C) 1857 में
(D) 1875 में

Q109 निम्नलिखित में से किस राजा के राज्य में जूनागढ़ किले का निर्माण कराया गया था?
(A) कामरान मिर्ज़ा
(B) राजा राय सिंह
(C) राव बीका
(D) बाबर

Q110 फ़तेह प्रकाश महल का निर्माण निम्नलिखित में से किस किले में कराया गया था?
(A) चित्तौड़गढ़ का किला
(B) मेहरानगढ़ का किला
(C) जैसलमेर का किला
(D) नाहरगढ़ का किला

Q111 महाराणा फ़तेह सिंह ने 1889 में _________ के दौरे के उपलक्ष्य में देवली झील पर कनॉट बांध का निर्माण कराया था।
(A) रानी विक्टोरिया
(B) रॉबर्ट बॉर्डन
(C) राजकुमारी लुईस मार्गरेट
(D) डयूक ऑफ कनॉट

Q112 बीकानेर ऊंट त्योहार ________ के महीने में मनाया जाता है।
(A) जून
(B) मार्च
(C) जनवरी
(D) अगस्त

Q113 बेगूँ किसान आंदोलन किस वर्ष में शुरू हुआ था?
(A) 1921 में
(B) 1912 में
(C) 1931 में
(D) 1913 में

Q114 राजस्थान में, पतंग उत्सव _______ के महीनें में मनाया जाता है।
(A) अप्रैल
(B) जून
(C) जनवरी
(D) सितंबर

Q115 राजस्थान में, वार्षिक शीतकालीन उत्सव ________ में मनाया जाता है।
(A) माउंट आबू
(B) जयपुर
(C) जोधपुर
(D) उदयपुर

Q116 गुलाब बाग (जो सज्जन निवास गार्डन भी कहलाता है) निम्नलिखित में से किस शहर में स्थित है?
(A) जयपुर
(B) जोधपुर
(C) उदयपुर
(D) बीकानेर

Q117 राजस्थान के उदयपुर संभाग में जिलों की संख्या कितनी है?
(A) छह
(B) पाँच
(C) चार
(D) सात

Q118 निम्नलिखित में से किस वर्ष में दर्राह वन्यजीव अभ्यारण्य को राष्ट्रीय उद्यान (मुकुंदरा हिल्स (दर्राह) राष्ट्रीय उद्यान) घोषित किया गया?
(A) 2013 में
(B) 2004 में
(C) 2006 में
(D) 2010 में

Q119 निम्नलिखित में से किन पहाड़ियों पर राजस्थान का पहला रज्जुपथ (रोपवे) बनाया गया?
(A) देवगिरि पहाडियाँ
(B) सुंधा पहाडियाँ
(C) मनगढ़ पहाडी
(D) गुप्तेश्वर पहाडियाँ

Q120 ______ को मूल रूप से मांड महोत्सव के रूप में जाना जाता था।
(A) मारवाड़
(B) कोलायत
(C) चंद्रभागा
(D) कबीर यात्रा

Q121 राजस्थान भौगोलिक संघ का गठन निम्नलिखित में से किस वर्ष में किया गया था?
(A) 1956 में
(B) 1965 में
(C) 1971 में
(D) 1967 में

Q122 पचपदरा झील के नमक में सोडियम क्लोराइड का अनुमानित स्तर कितना है?
(A) 80%
(B) 70%
(C) 98%
(D) 85%

Q123 किस वर्ष में राजस्थान वित्तीय निगम गठित किया गया था?

(A) 1959 में

(B) 1955 में

(C) 1965 में

(D) 1958 में

Q124 राजस्थान, भारत में ________ का सबसे बड़ा उत्पादक है।

(A) कच्चा लोहा

(B) अभ्रक

(C) प्राकृतिक गैस

(D) सीसा और जस्ता

Q125 एनटीपीसी (NTPC) अंता एक प्राकृतिक–गैस चालित एक विद्युत स्टेशन है। यह राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित है?

(A) बूंदी

(B) भीलवाड़ा

(C) अलवर

(D) बारां

Q126 राजस्थान में गिरल खदान किस प्रकार के कोयले के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है?

(A) एन्थ्रेसाइट

(B) लिग्नाइट

(C) बिटुमिनस

(D) सबबिटुमिनस

Q127 राजस्थान राज्य बीज निगम लिमिटेड (RSSCL) की स्थापना राष्ट्रीय बीज परियोजना के तहत ________ में की गई थी।

(A) 1978

(B) 1987

(C) 2019

(D) 2001

Q128 राजस्थान में कोटा को ________ के रूप में भी जाना जाता है।

(A) सांस्कृतिक राजधानी

(B) राजनीतिक पूंजी

(C) औद्योगिक राजधानी

(D) लोगों की राजधानी

Q129 गुजरात राजगृह के ________ से है।

(A) उत्तर

(B) दक्षिण

(C) दक्षिण पश्चिम

(D) ईशान कोण

Q130 राजस्थान को ________ क्षेत्रों में विभाजित किया गया है।

(A) 7

(B) 9

(C) 3

(D) 5

Q131 जनवरी 2019 में, राजस्थान की वर्तमान विधानसभा में गुलाब चंद कटारिया को अस्थायी रूप से (प्रोटेम) स्पीकर की शपथ किसके द्वारा दिलाई गई?

(A) प्रद्युम्न सिंह

(B) सचिन पायलट

(C) कल्याण सिंह

(D) लालचंद कटारिया

Q132 जून, 2020 तक, राजस्थान विधानसभा में उदय लाल अंजना निम्नलिखित में से किस विभाग के मंत्री हैं?

(A) सहकारिता विभाग

(B) अल्पसंख्यक मामलों का विभाग

(C) जनजातीय क्षेत्र विभाग

(D) महिला एवं बाल विकास विभाग

Q133 अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों हेतु राजस्थान विधानसभा में कितनी सीटें आरक्षित की गई हैं?

(A) 25

(B) 34

(C) 32

(D) 27

Q134 जनवरी 2020 तक की स्थिति के अनुसार, राजस्थान की कितनी महिला उम्मीदवार राज्यसभा की सदस्य हैं?

(A) एक

(B) दो

(C) शून्य

(D) तीन

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q135 राजस्थान के उच्च न्यायालय की जोधपुर पीठ के अंतर्गत आने वाले जिला न्यायालयों की कुल संख्या कितनी है?

(A) 36

(B) 35

(C) 16

(D) 19

Q136 घूमर लोक नृत्य को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए ________ में राजस्थान में 'गणगौर घूमर नृत्य अकादमी' स्थापित की गई।

(A) 1981 में

(B) 1986 में

(C) 1968 में

(D) 1976 में

Q137 निम्नलिखित में से किस शहर में सहस्रबाहु मंदिर स्थित है?

(A) उदयपुर

(B) जोधपुर

(C) बीकानेर

(D) जैसलमेर

Q138 किन वर्षों के दौरान में गुरु वशिष्ट पुरस्कार शुरू किया गया?

(A) 1988–89 के दौरान

(B) 1998–99 के दौरान

(C) 1987–88 के दौरान

(D) 1985–86 के दौरान

Q139 किसानों को रियायती दर पर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के लिए ________ को राजस्थान में लॉन्च/शुरू किया गया था।

(A) किसान कलेवा योजना

(B) सभी के लिए चावल

(C) किसान खाद्य योजना

(D) मील इन व्हील

Q140 निम्नलिखित में से किस उपन्यास के लिए मनु भंडारी को 18वाँ व्यास सम्मान पुरस्कार प्राप्त हुआ?

(A) एक कहानी यह भी

(B) भवभूति अलंकरण

(C) आपका बंटी

(D) महाभोज

Q141 मीराबाई ________ सदी की कवयित्री थीं।

(A) 16 वीं

(B) 19 वीं

(C) 18 वीं

(D) 14 वीं

Q142 निम्नलिखित में से कौन राजस्थान के प्रसिद्ध गायक हैं?

(A) तुलसीदास

(B) जुबेन गर्ग

(C) सुंदरराजन

(D) मामे खान

Q143 निम्नलिखित में से किस संस्थान ने राजस्थानी क्ले का उपयोग करके कारों के लिए एक कैटेलिटिक कनवर्टर का विकास किया?

(A) बिरला इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, पिलानी

(B) आईआईएस (IIS) यूनिवर्सिटी, जयपुर

(C) आईआईटी (IIT) जोधपुर

(D) इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन, सरदारशहर

Q144 निम्नलिखित में से किस शहर में राव छत्रसाल द्वारा केशवरायपाटन में केशवराव का मंदिर निर्मित कराया गया?

(A) जोधपुर

(B) बीकानेर

(C) बूंदी

(D) जैसलमेर

Q145 जून 2020 में, राजस्थान सरकार में, मास्टर भंवरलाल मेघवाल निम्नलिखित में से किस विभाग के मंत्री हैं?

(A) सूचना और जनसंपर्क विभाग

(B) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग

(C) महिला एवं बाल विकास विभाग

(D) लोक निर्माण विभाग

Q146 राजस्थान विधानसभा के पहले उपाध्यक्ष कौन थे?

(A) निरंजन नाथ आचार्य

(B) लाल सिंह शक्तावत

(C) नारायण सिंह मसूदा

(D) पूनम चंद विश्नोई

Q147 किस वर्ष में बास्केटबाल को राजस्थान का राज्य खेल घोषित किया गया था?

(A) 1984 में

(B) 1958 में

(C) 1948 में

(D) 1953 में

Q148 निम्नलिखित में से किन स्टेशनों के बीच दोहरे–स्टैक वाली मालगाड़ी का पहली बार परीक्षण संचालन किया गया?

(A) रेवाड़ी (हरियाणा) – फ़िरोज़पुर, पंजाब

(B) रेवाड़ी (हरियाणा) – मदार (राजस्थान) सेक्शन

(C) फ़िरोज़पुर, पंजाब – मदार (राजस्थान) सेक्शन

(D) रेवाड़ी (हरियाणा) – भोपाल मध्य प्रदेश

Q149 निम्नलिखित द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता में से कौन राजस्थानी है?

(A) महा सिंह राव

(B) रधुनंदन वसंत गोखले

(C) सैयद नईमुद्दीन

(D) जी एस संधू

Q150 किस ओलंपिक पदक विजेता का संबंध राजस्थान से है?

(A) राज्यवर्धन सिंह राठौर

(B) कर्णम मल्लेश्वरी

(C) लिएंडर पेस

(D) सुशील कुमार

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

| Exam | Rajasthan Police Constable Recruitment Examination 2019 |
|---|---|
| Paper | 8 |

| Q# | AnsKey | Q# | AnsKey | Q# | AnsKey | Q# | AnsKey | Q# | AnsKey |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | B | 31 | B | 61 | A | 91 | B | 121 | B |
| 2 | D | 32 | A | 62 | B | 92 | A | 122 | C |
| 3 | B | 33 | B | 63 | C | 93 | B | 123 | B |
| 4 | D | 34 | D | 64 | A | 94 | A | 124 | D |
| 5 | B | 35 | C | 65 | B | 95 | A | 125 | D |
| 6 | D | 36 | B | 66 | A | 96 | D | 126 | B |
| 7 | D | 37 | A | 67 | C | 97 | D | 127 | A |
| 8 | C | 38 | D | 68 | B | 98 | D | 128 | C |
| 9 | C | 39 | B | 69 | C | 99 | B | 129 | C |
| 10 | A | 40 | D | 70 | A | 100 | C | 130 | B |
| 11 | B | 41 | D | 71 | C | 101 | A | 131 | C |
| 12 | C | 42 | A | 72 | A | 102 | A | 132 | A |
| 13 | A | 43 | A | 73 | C | 103 | D | 133 | B |
| 14 | A | 44 | D | 74 | B | 104 | A | 134 | C |
| 15 | D | 45 | D | 75 | D | 105 | D | 135 | D |
| 16 | D | 46 | C | 76 | C | 106 | C | 136 | B |
| 17 | B | 47 | B | 77 | D | 107 | A | 137 | A |
| 18 | B | 48 | D | 78 | B | 108 | C | 138 | D |
| 19 | B | 49 | A | 79 | C | 109 | C | 139 | A |
| 20 | C | 50 | C | 80 | A | 110 | A | 140 | A |
| 21 | D | 51 | B | 81 | B | 111 | D | 141 | A |
| 22 | C | 52 | D | 82 | D | 112 | C | 142 | D |
| 23 | D | 53 | A | 83 | A | 113 | A | 143 | C |
| 24 | B | 54 | B | 84 | B | 114 | C | 144 | C |
| 25 | A | 55 | C | 85 | C | 115 | A | 145 | B |
| 26 | B | 56 | A | 86 | C | 116 | C | 146 | B |
| 27 | A | 57 | A | 87 | D | 117 | A | 147 | C |
| 28 | C | 58 | A | 88 | C | 118 | B | 148 | B |
| 29 | B | 59 | D | 89 | B | 119 | B | 149 | A |
| 30 | B | 60 | A | 90 | D | 120 | A | 150 | A |